# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
# निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
# रामनगर (नैनीताल)

पत्रांक 340 /23सी० दिनांक: 29/2/2020

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
रामनगर वन प्रभाग रामनगर।

**विषयः–** **जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र कालाढूंगी के विकास खण्ड कोटाबाग के अन्तर्गत दैचोरी देगॉव नया पाण्डेगॉव में आनन्द सिंह के घर से राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय, दैचोरी देगॉव मोटर मार्ग का निर्माण। FP/UK/ROAD/35251/2018**

सन्दर्भः– भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तर–केन्द्रीय क्षेत्र) देहरादून के पत्रांक 8बी0/यू0सी0पी0/06/69/2019/एफ0सी0/2613 दिनांक 18.02.2020

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित ई0डी0एस0 के क्रम में अवगत कराना है कि उक्त पत्र द्वारा लगाई आपत्तियों का निराकरण कर प्रेषित कर दिया गया है।

| क्रं0सं0 | आपत्ति | निराकरण |
|---|---|---|
| 1 | भारत सरकार पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के पत्रांक 8बी0/यू0सी0पी0/06/69/2019/एफ0सी0/2613 दिनांक 18.02.2020 के द्वारा राज्य सरकार ने प्रस्तावित मार्ग के साथ किसी मौजूदा सड़क/मार्ग के बारे में कुछ भी उल्लेख नहीं किया है। साथ ही के0एम0एल0 फाइल से यह देखा जाता है कि प्रस्तावित मार्ग के अन्तिम बिन्दु पर विद्यमान बस्ती पहले से ही मोटर मार्ग से दक्षिणी ओर से जुड़ी हुई है। राज्य सरकार को इस सम्बन्ध में विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। | जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र कालाढुँगी विकास खण्ड कोटाबाग के अन्तर्गत दैचोरी देगॉव नया पाण्डेगॉव में आनन्द सिंह के घर से राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय दैचोरी देगॉव मोटर मार्ग के निर्माण कार्य की स्वीकृति शासनादेश संख्या 1822 (ए)/III (2)/17–60 (एम0एल0ए0)/2017 दिनांक 23.08.2017 द्वारा 1.00 किमी0 लम्बाई हेतु रू0 10.24 लाख की प्राप्त हुई है। प्रस्तावित कार्य की आरक्षित वन भूमि में वास्तविक लम्बाई 450 मी0 है तथा सिविल सोयम भूमि 0.00 मी0 है। यह मार्ग दैचोरी देगॉव नया पाण्डेगॉव को आपसे में जोड़ने वाला मार्ग है। उक्त कार्य का संरेखण इस प्रकार तय किया गया है कि कम से कम भूमि प्रभावित हो।<br><br>जिस मार्ग को प्रस्तावित किया गया है। वह दैचोरी देगॉव थपलिया गांजा मार्ग के किमी0 2 से जुड़ता है। इस मार्ग पर 3 बरसाती नाले पड़ते हैं। जिन पर वर्षाकाल में अत्यधिक पानी आता है। जिस कारण स्कूल जाने के लिए विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को जाना लगभग असम्भव हो जाता है। जिस कारण उनकी शिक्षा बाधित होती है। तेज जल बहाव के कारण अप्रिय घटनाओं की प्रबल सम्भावना है। स्कूल के छात्रों के शिक्षार्थ एवं जनहित में इस मार्ग का निर्माण किया जाना अति आवश्यक है। यह भी अवगत कराना है कि के0एम0एल0 फाईल में जो मार्ग दिखाई देता है। वह बरसाती नाले के किनारे ग्रामीणों का कच्चा पैदल रास्ता है। |

भवदीय
29.02.2020
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
रामनगर (नैनीताल)

पत्रांक / दिनांकः

प्रतिलिपिः– अधीक्षण अभियन्ता, द्वितीय वृत्त, लो0नि0वि0 नैनीताल को सूचनार्थ प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
रामनगर (नैनीताल)

Scanned with CamScanner